MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

// UNIVERSITY LIBRARY //

-: NEWS CLIPPING SERVICE -:

DATE:23 NOV. 2026

एमसीयू में 5 दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम संपन्न

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र के 26 व्यावसायिक शिक्षकों को पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिया गया। 16 से 20 नवंबर तक आयोजित कार्यक्रम में पंजाब के 11 और छत्तीसगढ़ के 15 शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय ने पीएसएस केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, एनसीईआरटी के सहयोग से इसका आयोजन किया। प्रशिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पटकथा लेखन, डिजिटल स्टोरीटेलिंग, पॉडकास्टिंग, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और एनीमेशन की जानकारी दी गई।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'23 NOV.2026

कार्यक्रम

एमसीयू में पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम संपन्न

मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के शिक्षकों को दिया कौशल आधारित प्रशिक्षण

पंजाब और छग के 26 व्यावसायिक शिक्षकों ने लिया हिस्सा

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू), भोपाल में मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में कौशल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। 16 से 20 नवंबर तक चले इस कार्यक्रम में पंजाब और छत्तीसगढ़ के 26 व्यावसायिक शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन पीएसएस केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), एनसीईआरटी, भोपाल के सहयोग से किया गया।

नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रशिक्षण

कार्यक्रम को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा अनुमोदित और वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया था। आवासीय स्वरूप में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2023 के अनुरूप शिक्षकों की समझ विकसित करना तथा मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में उभरती तकनीकों और रोजगार के अवसरों से परिचित कराना था।



आधुनिक तकनीकों का दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

कार्यक्रम में मीडिया एवं सूचना साक्षरता, कक्षा शिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, पटकथा लेखन, डिजिटल कहानी कथन, कॉमिक्स, गेमिंग, पॉडकास्ट, सामुदायिक रेडियो, स्मार्टफोन वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, एनीमेशन और दृश्य प्रभाव जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को नव मीडिया प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला, कर्मवीर सामुदायिक रेडियो और ऑडियो-विजुअल स्टूडियो (एमसीयू दर्शन) में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके अलावा भोपाल स्थित विस्तार न्यूज के भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने सीधे समाचार कक्ष में समाचार निर्माण और टेलीविजन प्रसारण की कार्यप्रणाली को समझा।

प्रो. सप्रे ने मीडिया कर्मियों की भूमिका पर रखे विचार

कार्यक्रम में प्रो. सदानंद दामोदर सप्रे ने भारत में मीडिया कर्मियों की भूमिका विषय पर विचारोत्तेजक सत्र लिया। उन्होंने शिक्षकों को भारतीय मीडिया जगत की प्रेरक विभूतियों को आदर्श बनाने और पत्रकारिता के प्रति उनके योगदान से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

कुलगुरु ने व्यावहारिक अनुभव पर दिया जोर

प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय के नालंदा केंद्रीय पुस्तकालय का भी भ्रमण किया। यहां मीडिया विषयों से संबंधित पुस्तकों, शोध पत्रिकाओं और समाचार-पत्रों की कतरनों के संग्रह का अवलोकन किया। समाचारों की 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी उनके लिए आकर्षण का केंद्र रही। विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी के साथ संवाद कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने लगभग 25 वर्षों के अनुभव साझा किए। उन्होंने नियमित अध्ययन, ऐतिहासिक दृष्टिकोण, आलोचनात्मक चिंतन तथा समसामयिक घटनाओं के सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों को समझने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मीडिया उद्योग में बेहतर अवसर दिलाने के लिए समाचार कक्ष की कार्यप्रणाली, रिपोर्टिंग, पटकथा लेखन, संपादन और टेलीविजन निर्माण का व्यावहारिक अनुभव जरूरी है।

मूल्यांकन और प्रतिक्रिया के साथ समापन

कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षणोपरांत मूल्यांकन, प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया और समापन समारोह के साथ हुआ। इस पहल से शिक्षकों के विषयगत ज्ञान, व्यावहारिक कौशल और शिक्षण दक्षताओं में वृद्धि होगी। साथ ही वे विद्यार्थियों को मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में उभरते रोजगार और करियर के अवसरों के लिए बेहतर ढंग से तैयार कर सकेंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTI '23 NOV.2026

एमसीयू में शिक्षकों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय द्वारा पीएसएस केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान एनसीईआरटी, भोपाल के सहयोग से मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में कौशल शिक्षा विषय पर शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय क्षेत्र-विशिष्ट क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 16 से 20 नवंबर 2026 तक विश्वविद्यालय के नव मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग में आयोजित हुआ।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'HARIBHOOMI '23 NOV.2026